Title: Need to provide financial assistance to Government of Uttar Pradesh to meet the situation arising out of drought conditions in Bundelkhand region of the Uttar Pradesh.

श्री राम सजीवन (बांदा) : अध्यक्ष महोदय, जून-जुलाई, 2002 में पर्याप्त बरसात न होने के कारण अकाल की स्थिति पैदा हो गई है। सूखा की मार से प्रायः पूरा उत्तरी भारत पीड़ित है। किसानों की खरीफ की फसलें बोई नहीं जी सकी हैं, जो फसले बोई गयी हैं, वे भी अंकुरित होकर सूख गई हैं। सूखा का सर्वाधिक दुप्रभाव उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भाग बुन्देलखन्ड के जिलों में पड़ा है। इसी क्षेत्र से सटे हुए मध्य प्रदेश का क्षेत्रफल भी सूखा की मार से कराह रहा है। खरीफ की बरसाती फसलें जैसे ज्वार, बाजरा, मक्का, उड़द, मूंग, अरहर और धान की खेती बरबाद हो गई है। अब यदि बरसात हो भी गयी तो इन खरीफ की फसलों की बुवाई अत्यधिक विलम्ब होने के कारण पैदावार होने की कोई गुंजाइश नहीं है।

बुन्देलखंड क्षेत्र में पहले से ही मौजूद पेयजल का अभाव बरसात न होने से और अधिक गम्भीर हो गया है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बुंदेलखंड क्षेत्र में राहत कार्य चलाने, सिंचाई की सुविधायें और पेयजल की व्यवस्था शीघ्रातिशीघ्र करने की व्यवस्था की जाए तथा इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध कराया जाए।